हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 जनवरी 2026

06 मेले में 85 बैल जोड़ी ने लिया हिस्सा



07 हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर घर-घर किया ...





### अंधेरे में खड़ी ट्राली ने तीन घरों में किया अंधकार, ट्राली से टकराई ई-स्कूटर, तीनों की मौत

# हर आंख नम थीं, एक ही चिता पर तीनों शव रखकर अंतिम संस्कार

तीन किशोरों की सड़क हादसें में हृदयविदाक मौत के बाद क्षेत्र में शौक की लहर है। रविवार को तीनों किशोरों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर उनके परिजनों ने किया। जिसे देख हर आंख नम थीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के समीप पिपरिया रोड़ पर शनिवार रात सड़क दुर्घटना में 3 किशोर बालकों की मृत्यु हो गई है। अंधेरे में खड़ी धान भरी ट्राली से ई-स्कूटर के टकराने से घटना हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्घटना शनिवार रात लगभग 8:30 बजे की है। जब सोहागपुर से अपने ग्राम आमदेही जा रहे तीन किशोर बालकों अश्विन पुत्र ललित रघुवंशी, शिव पुत्र रामेश्वर रघुवंशी व मनुराज पुत्र प्रवीण रघुवंशी की ई-स्कूटर पिपरिया रोड पर खड़ी धान भरी एक ट्राली से टकरा गई। पुलिस के अनुसार तीनों बालको की दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। जिनके शव पोस्टमार्टम उपरांत रविवार सुबह परिजनों को सौंपे गए हैं। मामले में पुलिस ने संबंधित ट्रैक्टर व ट्रॉली को थाना परिसर में खड़ा किया है तथा घटना की जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस की जांच अभी जारी है तथा रविवार शाम तक प्रकरण दर्ज नहीं हो सका था। इस हृदय विदारक घटना के बाद तीनों बालकों का अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर में नर्मदा तट पर किया। जहां एक ही चिता पर तीनों के शव रखे गए थे। इस बेशर्म सिस्टम में उलझकर विधानसभा क्षेत्र में एक सप्ताह में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जानकारी अनुसार तीनों बालक अश्विन रघुवंशी, शिव रघुवंशी व मनुराज रघुवंशी संेंट पैट्रिक्स स्कूल सोहागपुर की कक्षा नवमीं के विद्यार्थी थे। स्कूल प्रबंधन के पास उपलब्ध रिकाड्र्स में तीनों बालकों की आयु लगभग 15 वर्ष दर्ज है।

### एक चिता, तीन शव रख, अंतिम संस्कार



तीनों बालकों का अंतिम संस्कार रविवार दोपहर सोहागपुर क्षेत्र के रेवा बनखेड़ी नर्मदा घाट पर किया गया है। इस दौरान तीनों बालकों के शवों को एक साथ एक ही चिता पर रखकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। तीनों बालक काफी अच्छे मित्र थे, जो साथ ही स्कूल व कोचिंग आते जाते थे। अंतिम संस्कार दौरान जितने भी लोग उपस्थित थे, सभी की आंखें नम हो गईं। वहीं तीनों बालकों के परिवार में अति शोक व्याप्त है। इधर पिपरिया में फोरलेन की जानकारी देते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने तीनों किशोरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एक ही कक्षा के विद्यार्थी थे तीनों किशोर की हादसे में मौत



तीनों सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम आमदेही के निवासी थे। तीनों बालक अश्विन रघुवंशी, शिव रघुवंशी व मनुराज रघुवंशी सेंट पैट्रिक्स स्कूल सोहागपुर की कक्षा नवमीं के विद्यार्थी थे।जो शनिवार शाम एक निजी कोचिंग में पढ़कर अपने दोपहिया से घर लौट रहे थे। इस दौरान यह घटना घटित हुई है। घटना की सूचना पर स्कूल प्रबंधन में भी शोक की स्थिति है। समस्त क्षेत्रवासियों ने तीनों बालकों की असमय मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### जनता में नाराज़गी

दुर्घटना के बाद सोहागपुर क्षेत्र में जनता में भारी नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि लगातार बिना रेडियम पट्टी लगे ट्रैक्टर ट्राली क्षमता से अधिक सामग्री भरकर पूरे जिले में रात्रि में दौड़ाए जा रहे हैं। लेकिन कार्यवाही के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारी व कर्मचारी खामोश रहते हैं। जिसके कारण जानलेवा सड़क दुर्घटना हो रही हैं। नागरिकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस तथा राजस्व विभाग के प्रति अपना रोष व्यक्त किया है। साथ ही आरटीओ व उनके अधीनस्थों को भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

### एक सप्ताह में छह मौतें

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले एक सप्ताह में सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मृत्यु हो गई है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात भी सेमरी हरचंद से लेकर सोहागपुर के बीच की सड़कों पर तीन सड़क दुर्घटनाएं हुई थी। जिनमें तीन युवा असमय काल के गाल में समा गए थे। और शनिवार रात हुई दुर्घटना में भी तीन किशोर बालकों की असमय मृत्यु हो गई है। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में शोक छाया हुआ है।

### मर्ग कायमी की है

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुई दुर्घटना में तीन बालकों की मृत्यु हुई है। अभी मर्ग कायमी कर मामला जांच में लिया गया है।

**ऊषा मरावी**, थाना प्रभारी, सोहागपुर



# मौनी अमावस्या पर नर्मदा के घाटों पर पुण्य स्नान, आज से गुप्त नवरात्र

### 64 योगिनी, नवदुर्गा, दस महाविद्या, महानित्या, भैरव पूजन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माघ मास की मौन अमावस्या रविवार को पड़ी। मान्यताओं के अनुसार सुबह से ही नर्मदा के घाटों पर स्नान और दान करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर पवित्र नर्मदा में डुबकी लगाने से सभी प्रकार के दोष मिट जाते है।

ऐसे में रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में पुण्य स्नान के लिए दूरदराज व आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान भक्तों ने मां नर्मदा स्नान कर दान पुण्य का लाभ अर्जित किया। साथ ही घाटों पर भगवान श्रीहरि की पूजन पाठ व कथा का श्रवण किया।

### गुप्त नवरात्रि का आज से होगा शुभारंभ



माघ माह की शुक्ल प्रतिपदा आज है इसी दिन सर्वार्थ सिद्धि योग में इस वर्ष वर्ष की पहली गुप्त नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। इस दौरान देवी की गुप्त तंत्र साधना, उपासना और मंत्र जप किया जाएगा। आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में 64 योगिनी, नवदुर्गा,दस महाविद्या,महानित्या,भैरव आदि पूजन होते है इसी बीच में नर्मदा जयंती और बसंत पंचमी के त्यौहार पड़ते है जिसमें मां सरस्वती और मां नर्मदा की पूजन की जाती है। इस दौरान धार्मिक पुस्तकें, पूजन सामग्री और गृह उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी करना भी शुभ माना जाता है। गुप्त नवरात्र का समापन 27 जनवरी को होगा। पूरे नौ दिनों ही गुप्त नवरात्र रहने वाले है, जिसमें कोई तिथि का क्षय या वृद्धि नहीं होगी। गुप्त नवरात्र के समय तंत्र, यंत्र और मंत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है। नवरात्र के लिए देवी मंदिरों में भी तैयारियां पूरी हो गई है।

### शुभ योग में होगा विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन

विद्यावाणी और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा। माघ शुक्ल पंचमी को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर शहर के मंदिरों, शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक केन्द्रों पर तैयारियां शुरू हो गई है। इस दौरान महर्षि आर्ष गुरूकुल में विभिन्न तैयारियां की जा रही है। कई संस्थानों में नव विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें छोटे बच्चों के अक्षर ज्ञान शामिल हैं।

# ऑफर के लालच में उमड़ी बेकाबू भीड़ नियंत्रण के इंतजाम नहीं थे, दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोशल मीडिया पर रातों-रात लोकप्रिय होने और व्यूज व लाइक्स बटोरने की चाहत युवाओं को जाने-अनजाने कहां से कहां पहुंचा देती है। ऐसा ही एक मामला नर्मदापुरम के सातरास्ते पर देखने को मिला। जहां निजी शोरूम की ओपनिंग के समय शोरूम संचालक ने ऐसा ऑफर दिया कि बेकाबू भीड़ शोरूम के बाहर पहुंच गई। इस दौरान करीब दो से ढाई हजार युवाओं की भीड़ खरीदारी करने उमड़ी और रास्ते को जाम कर दिया। आफन-फानन में पुलिस प्रशासन को मौके पर पहुंचना पड़ा और बेकाबू भीड़ को खदेड़ना पड़ा। इस पूरे घटना क्रम का वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। हालांकि बाद में शहरी तहसीलदार सरिता मालवीय ने शोरूम में ताला जड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम के सातरास्ते में चिचा शोरूम संचालक द्वारा 1000 में 14 शर्ट देने का भ्रामक ऑफर दिया जा रहा था। जिसके कारण बेकाबू भीड़ हो गई ओर भगदड़ जैसे हालात निर्मित हो गए। इस दौरान आमजनों की सुरक्षा और भीड़ के नियंत्रण इंतजाम नहीं थे। पूरे मामले की जांच जारी है।

# प्रवर्तन निदेशालय के नागपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने किया मामले का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेत नाके पर 15 हजार की मामूली सेलरी पाने वाला अजय उर्फ बबलू अग्रवाल रेत के फजी माफिया गिरोह का सदस्य निकला। प्रवर्तन निदेशालय नागपुर सब जोनर ऑफिस में प्रवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। विदित हो कि ईडी ने मालाखेड़ी स्थित मंगलमय परिसर में अजय अग्रवाल से लंबी पूछताछ की थी। वहीं अजय ने बताया था कि वह 15 हजार की नौकरी करने वाला मामूली रेत कर्मचारी है, जो किराये के मकान में रहता है। अजय उर्फ बबलू अग्रवाल ने साथी राहुल खन्ना के साथ मिलकर मप्र के वैद्य घाटों के नाम पर फर्जी ईटीपी तैयार किए थे। जबकि इन परमिटों के एवज में नागपुर में रेत की अवैध सप्लाई होती थी, यह दोनों रेत माफिया फर्जी ईटीपी तैयार कर 6 से 10 हजार रूपए में नागपुर में परमिट बेंचते थे। ईडी ने जब जीपीएस डाटा का एनालिसेस किया तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। ईडी द्वारा की गई मनी लॉड्रिंग जांच में पता चला कि संगठित रेत माफिया समूह द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन किया जा रहा था। उन्होंने एजेंसियों से बचने एक सुनियोजित और धोखे वाला तरीका अपनाया था। इस तरीके आरोपियों ने बड़ा मुनाफा कमाया और रायल्टी टैक्स बचाकर सरकार को भारी नुकसान पहुंचाया। इन गतिविधियों से कमाए गए अपराध की कमाई का शुरूआती अनुमान 30 करोड़ रूपए से ज्यादा है। ईडी ने भोपाल, नर्मदापुरम, बैतूल, महाराष्ट्र के नागपुर, भंडारा जिलों 16 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। जांच नागपुर और भंडारा जिलों के आसपास के इलाकों में स्थित रेत घाटों से अवैध रेत खनन संबंधी थी। ईडी ने नागपुर के सदर और अम्बाझरी पुलिस स्टेशन में नरेन्द्र पिंपल, अमोल उर्फ गुड्डू खोरगाड़े और अन्य के खिलाफ दर्ज अपराधों के आधार पर जांच शुरू की।

# सम्मेलनः भगवा-पीले वस्त्र में निकली कलश यात्रा, हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन विशाल कलश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ कलश यात्रा स्थानीय राम जानकी बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए आयोजन स्थल मंडी प्रांगण पहुंचा जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति कलश के साथ भगवा एवं पीले वस्त्र धारण कर यात्रा में सम्मिलित हुई ढोल और डीजे पर राष्ट्रभक्ति के साथ धार्मिक गीतों की प्रस्तुति ने कलश यात्रा में चल रहे युवाओं को रोमांचित कर दिया।

कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजन स्थल पर पहुंची जहां गायत्री मंत्र एवं पूजन एवं हनुमान चालीसा के पाठ के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्थानीय स्कूलों से आए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया राष्ट्रभक्ति एवं धार्मिक थीम पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम से सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह एवं मातृशक्ति का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी आनंदवन महाराज आंवली घाट, विशिष्ट अतिथि भूरे गिरी महाराज मुख्य वक्ता संतोष मीणा प्रांत सहकारवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मातृशक्ति के रूप में गायत्री परिवार से प्रतिभा साहू एवं राष्ट्रीय सेविका संघ की जिला अध्यक्ष एवं विश्व हिंदू परिषद विभाग समन्वयक स्मिता तोमर हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मानक जी पटेल खंड संघचालक संदीप महेश्वरी हिंदू सम्मेलन के कोषाध्यक्ष घनश्याम गोस्वामी के साथ नगर के वरिष्ठ जन की उपस्थिति रही मंच का संचालन क्षेत्र के ओजस्वी युवा भगवान पटेल द्वारा किया गया।

हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनंत वंश महाराज ने धर्म न्याय एवं राष्ट्र दिशा पर प्रकाश डाला गायत्री परिवार की प्रतिभा साहू ने हिंदू समाज में मातृशक्ति की भूमिका के विषय में जानकारी दी वही राष्ट्रीय सेविका संघ की जिला अध्यक्ष स्मिता तोमर ने हिंदू समाज को संगठित करने में महिलाओं की भूमिका एवं पंच परिवर्तन की की आवश्यकता क्यों है और इसमें महिलाओं का क्या योगदान हो सकता है इस विषय में विस्तार से समझाया मुख्य वक्ता संतोष मीणा ने अपने उद्बोधन में संघ की स्थापना से डॉक्टर हेडगेवार के संघर्ष एवं स्वयंसेवकों के त्याग से हिंदू समाज को संगठित करने के कार्य एवं वर्तमान समाज में संघ की स्वीकार्यता के विषय में विस्तार से समझाते हुए सामाजिक समरसता से हिंदू समाज की संगठन शक्ति के विस्तार के विषय में बताया। एवं भारत माता की सामूहिक आरती का आयोजन भी किया गया। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात समरसता भोज में क्षेत्र का सकल हिंदू समाज एवं मातृशक्ति युवा एवं नन्हे बच्चे भी सम्मिलित हुए। संत भरे गिरी महाराज द्वारा हिंदू सम्मेलन में रुद्राक्ष का वितरण भी किया गया हिंदू सम्मेलन समिति अध्यक्ष मलिक जी पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों मातृशक्ति एवं स्थानीय ग्राम वासियों तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता अभियान:मातृशक्ति के संकल्प में मिला खाकी का साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माँ नर्मदा के पावन तटों पर जब 'कर्तव्य' और 'सेवा' का संगम होता है, तो वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाता है। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर चित्रगुप्त घाट पर कुछ ऐसा ही अद्भुत नजारा देखने को मिला, जिसने वहाँ मौजूद हर श्रद्धालु का दिल जीत लिया।

### पुलिसकर्मियों ने सेवा की एक नई मिसाल पेश की



चित्रगुप्त घाट पर हर रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ मातृशक्ति समाज द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इस बार रविवार और मौनी अमावस्या का विशेष संयोग होने के कारण घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी, जिससे गंदगी और कीचड़ की स्थिति बनी हुई थी। मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में जब महिलाएं पूरी तन्मयता से फूल-मालाएं और कचरा साफ करने में जुटी थीं, तब वहां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दो पुलिसकर्मियों ने सेवा की एक नई मिसाल पेश की। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी राजकुमार तिवारी और लखन बरकडे ने जब महिलाओं को निस्वार्थ भाव से श्रमदान करते देखा, तो वे अपनी वर्दी की गरिमा के साथ सफाई के इस महाकुंभ में खुद को शामिल होने से नहीं रोक पाए। उन्होंने महिलाओं से सफाई का सामान मांगते हुए बड़े ही आदर भाव से कहा,माताजी, माँ नर्मदा की सफाई की जिम्मेदारी सिर्फ आपकी नहीं, हमारी भी है। इस अवसर पर मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा, बैंक सेवानिवृत अधिकारी विजय वर्मा, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, प्रीती खरे, सीबी खरे, केशव वर्मा, सुमन वर्मा, अश्विनी, रश्मि सक्सेना आदि शामिल रहे।

### परिवहन विभाग का विशेष जांच अभियान, 11 बसों पर चालानी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** बस स्टैंड पर विशेष जांच अभियान रविवार को चलाया गया। अभियान के दौरान आरटीओ रिंकु शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक अनिमेष जैन द्वारा 25 से अधिक बसों की सघन चेकिंग की गई। जांच में कई बसों में 10 किलोग्राम से कम क्षमता के अग्निशामक यंत्र पाए गए तथा कुछ में अग्निशामक यंत्रों की एक्सपायरी तिथि समाप्त हो चुकी थी। इसके अतिरिक्त बसों में अनधिकृत अतिरिक्त एलईडी लाइट लगाए जाने के मामले भी सामने आए। इन अनियमितताओं पर कुल 11 बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने बस चालकों को वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यात्री सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक बस में मेडिकल बॉक्स उपलब्ध रखने, 10 किलोग्राम क्षमता के वैध अग्निशामक यंत्र रखने, अतिरिक्त एलईडी लाइट न लगाने, यात्रियों से निर्धारित से अधिक किराया न लेने एवं उनके साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी गई। आरटीओ रिंकु शर्मा ने बताया कि यदि कोई बस बिना वैध परमिट संचालित पाई जाती है तो कार्रवाई होगी।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

**नर्मदापुरम।** माशिमं मप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट https://mpbse.mponline.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

### सोहागपुर विधायक विजयपाल की मेहनत रंग लाई...

# यातायात के दबाव से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में नर्मदापुरम–पिपरिया–बनखेड़ी फोरलेन मार्ग के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। यह उपलब्धि विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह के अथक प्रयासों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा माखननगर आगमन के अवसर पर इस महत्वाकांक्षी फोरलेन परियोजना की सौगात जनता को दी गई। उल्लेखनीय है कि उक्त फोरलेन मार्ग को बजट वर्ष 2023–24 में स्वीकृति तो मिल गई थी, लेकिन स्टेट फाइनेंस कमेटी की स्वीकृति लंबित होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक विजयपाल सिंह ने लगातार मुख्यमंत्री से निवेदन किया और एसएफसी स्वीकृति दिलाकर निविदा आमंत्रित कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह किया। माखननगर, सेमरी, सोहागपुर एवं शोभापुर जैसे प्रमुख क्षेत्र इस मार्ग से जुड़े हुए हैं, जहां अत्यधिक यातायात दबाव रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक ने कई बार व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर इस मार्ग के फोरलेन निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा। साथ ही समय-समय पर पत्राचार के माध्यम से भी एसएफसी स्वीकृति एवं कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया।

विधायक के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप अब इस फोरलेन परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। फोरलेन मार्ग के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि पूरे नर्मदापुरम जिले के विकास को भी नई गति मिलेगी। आमजन को आवागमन में सुविधा, समय की बचत और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान

**बैतूल।** कुन्बी समाज सेवा संगठन बैतूल द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उईके और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का सम्मान किया गया। करबला घाट पुल निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान समाज संगठन ने यह सम्मान कर पुल निर्माण और बैतूल में भव्य संग्रहालय स्वीकृत करने के लिए अभिनन्दन किया गया। स्वागत करने वालों में समाज के अध्यक्ष यशवंत मुन्ना मानकर, कृष्णा वागद्रे, राम देशमुख, राज वाघमारे, रमेश धोटे, सुरेन्द्र कनाठे, राजा वागद्रे, भोजराव साबले, प्रवीण वराठे, पर्वत धोटे, ऋषि माकोडे, प्रताप पांसे, रघुनाथ लोखंडे, नितिन बारस्कर, बंडू धोटे, बंडु महाले आदि उपस्थित थे।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान पर संगोष्ठी संपन्न

**बैतूल।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान मप्र जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी के नेतृत्व में जिले के सभी विकासखंड में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्लॉक समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, घोड़ाडोंगरी संतोष राजपूत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य ग्राम विकास, सामाजिक समरसता एवं नागरिक सहभागिता को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश यादव ने पांच वर्तन व्यवहार परिवर्तन, सामाजिक परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं सकारात्मक जीवनशैली को विकसित ग्राम की आधारशिला बताया। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने कानून व्यवस्था एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए अनुशासन एवं पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने की अपील की। जनपद पंचायत सदस्य प्रदीप विश्वास ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता, शिक्षा, सहभागिता एवं नैतिक मूल्यों से ही ग्रामों का सर्वांगीण विकास संभव है। आदिवासी नेता दीपक उइके ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वावलंबन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय संसाधनों के संरक्षण और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता जतिन प्रजापति ने और आभार परामर्शदाता विजय महतो ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन साथ चलें, साथ बढ़ें के संकल्प के साथ हुआ। आयोजन में नवांकुर संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### पर्सनालिटी एवं सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण का समापन

**बैतूल।** शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पर्सनालिटी एवं सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट प्रशिक्षण का शनिवार 17 जनवरी को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण उच्च शिक्षा विभाग एवं एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन बेंगलूर के मध्य हुए एमओयू के तहत आयोजित किया गया। ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर प्रोफेसर माधुरी पल्ले ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उन्नति फाउंडेशन बेंगलूर के सहयोग से आयोजित चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण था, जिसका उद्देश्य छात्राओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए तैयार करना तथा उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना रहा। समापन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर विद्या चौधरी ने छात्राओं को कौशल विकास से जुड़े प्रशिक्षणों में निरंतर सहभागिता करने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इसी सड़क पर मौजूद है कलेक्ट्रेट, नपा जैसे महत्वपूर्ण विभाग और स्कूल

# लल्ली चौक से शिवाजी चौक तक एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं, रफ्तार बे-लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



लल्ली चौक से कलेक्ट्रेट होते हुए शिवाजी चौक तक की नई सडक़ तो बना दी, लेकिन वाहनों की गति को कंट्रोल करने के इंतजाम नहीं किये है। जिसकी वजह से इस सडक़ पर हादसों का अंदेशा बढ़ गया है। खासबात है कि इस सडक़ पर ही एमएलबी स्कूल है, कलेक्ट्रेट है, और नगरपालिका होने के कारण हमेशा भीड़ रहती है। लेकिन कहीं भी वाहनों की स्पीड कंट्रोल करने के लिए कोई उपाय तक नहीं किये गये है। यही कारण है कि शिवाजी चौक में लल्ली चौक तक इस सडक़ पर जगह-जगह डेंजर स्पॉट्स की भरमार हो गई है। दरअसल लंबे इंतजार के बाद इस सडक़ का काम पूरा हुआ है। पीडब्ल्यूडी ने लल्ली चौक से शिवाजी चौक तक सडक़ बनाई, लेकिन वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए कहीं भी न तो स्पीड ब्रेकर बनाये है और न ही अन्य किसी प्रकार सुरक्षात्मक उपाये किये है, जिससे की वाहनों की गति कंट्रोल हो सके। सडक़ का काम पूरा होते ही इस सडक़ पर वाहन फराटे भरने लगे है। जब यह सडक़ बन रही थी, तब भी यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और लोगों के लिए यह परेशानियों का कारण बनी रही और अब, जबकि सडक़ बन गई है, तब भी यह सडक़ वाहन चालकों और लोगों के लिए खतरा बनी हुई है, क्योंकि इस पूरी सडक़ पर कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। यहीं कारण है कि यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

#### स्कूल समय में रहती है अधिक भीड़

लल्ली चौक से शिवाजी चौक के बीच महारानी लक्ष्मी बाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल है। जिसमें सैकड़ों छात्राएं अध्ययनरत है। स्कूल के सामने एक निजी स्कूल भी है और चर्चा भी, जिससे स्कूल के आसपास हमेशा छुट्टी के वक्त विद्यार्थियों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम के प्रति अनदेखी भविष्य में भारी भी पड़ सकती है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह सडक़ सबसे व्यस्ततम सडक़ है। जिसकी वजह से इस सडक़ पर स्कूल, नगरपालिका, कलेक्ट्रेट के पास स्पीड ब्रेकर की महत्ती आवश्यकता महसूस होती है। लेकिन सडक़ निर्माण के दौरान इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान नहीं दिया गया। जिससे यह सडक़ भविष्य में हादसों का सबब भी बन सकती है। जानकारों का कहना है कि इसी मार्ग से कई जिम्मेदार अधिकारी भी गुजरते है, लेकिन इस ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। ऐसे में भविष्य में कोई बड़ा हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदार कौन होगा? जागरूक नागरिकों का कहना है कि कलेक्ट्रेट से जब वाहन निकलते है तो सीधे सडक़ पर आते है। ऐसे में तेज गति से वाहनों के चलने के कारण वाहनों के टकराने या हादसे की संभावनाएं लगी रहती है। अधिकारियों को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए।

#### इसी सड़क पर आमजनता से जुड़े कई विभाग

लल्ली चौक चौक से थोड़ा आगे इसी सडक़ पर नगरपालिका कार्यालय है। जहां नपा अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा हमेशा लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट है, जिसमें आमजनता से जुड़े कई दफ्तर स्थित है। कलेक्ट्रेट में जहां अधिकारियों सहित कई विभागों के कार्यालय है, वहीं इसी के साथ जिला पंचायत कार्यालय भी है। पुराने कलेक्ट्रेट में पंजीयन कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय है। जिला उद्योग कार्यालय भी इस सडक़ पर स्थित है। इन कार्यालयों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यो के लिए आते-जाते है। जिससे इस सडक़ पर हमेशा यातायात का भारी दबाव बना रहता है।

#### दोपहिया के साथ-साथ चारपहिया वाहनों की आवाजाही

कलेक्ट्रेट, नगरपालिका सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग होने की वजह से इस मार्ग पर दोपहिया वाहनों के साथ-साथ चारपहिया वाहनों का बड़ी संख्या में आवागमन होता है। सडक़ अच्छी होने के कारण वाहन चालक भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते है। इसके अलावा कई वाहन चालक सडक़ किनारे ही अपने चार पहिया वाहन सडक़ किनारे खड़े करते है। सडक़ ऊंची होने और घुमावदार सडक़ होने की वजह से सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं। सड़क पर डिवाइडर नहीं होने से दोनों ही दिशाओं के वाहन पूरी सडक़ पर दौड़ते रहते है। इन्हीं सब कारणों से इस सडक़ पर खतरा काफी बढ़ गया है। इन हालातों में इस सडक़ पर सुरक्षित यातायात के लिए तत्काल सुरक्षा इंतजाम करने की जरूरत है।

#### इस सड़क पर होने चाहिए यह इंतजाम

(1) वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए जगह-जगह गतिअवरोधक बनने चाहिए, ताकि वाहनों की गति नियंत्रित रहे।
(2) सडक़ पर ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए अधिकतम गति सीमा 20 से 30 किमी प्रति घंटा होनी चाहिए, ताकि चालक वाहन धीमी गति से चलाये।
(3) चेतावनी बोर्ड लगे होने चाहिए, ताकि वाहन चालक इन बोर्ड को देखकर वाहनों की गति धीमी रखे और कलेक्ट्रेट के सामने खासतौर से वाहनों की गति कंट्रोल करने विशेष इंतजाम होने चाहिए।
(4) इस पूरी सडक़ को नो-ओवरस्पीड जोन घोषित कर नियमों के उल्लंघन पर ठोस और कड़ी कार्रवाही की आवश्यकता है।

#### इनका कहना है

मैं इस संबंध में दिखवाती हूं।
- प्रीति पटेल, ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग बैतूल

### दक्षिण भारतीय विद्वान कराएंगे महायज्ञ

## बालाजीपुरम में 23 से रजत ब्रह्मोत्सव का शंखनाद



**बैतूल।** जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री रुक्मणी बालाजी मंदिर, बालाजीपुरम में आगामी 23 जनवरी से 9 दिवसीय भव्य बालाजीपुरम ब्रह्मोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। श्री कांची कामकोटि पीठम् के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह महोत्सव 31 जनवरी तक चलेगा। बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने बताया कि ब्रह्मोत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को वसंत पंचमी के पावन अवसर पर होगा। बालाजीपुरम मंदिर के 25 साल पूर्ण होने पर यह रजत ब्रह्मोत्सव विशेष है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12:30 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 7:30 बजे तक विशेष धर्मोत्सव का आयोजन होगा। इसमें दक्षिण भारतीय विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधान से यज्ञ, हवन और पूजन संपन्न कराया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 24 जनवरी को फिनिक्स इंटरनेशनल स्कूल, 27 जनवरी को संस्कार विद्या मंदिर स्कूल और 29 जनवरी को डिवाइन इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। ब्रह्मोत्सव का मुख्य आकर्षण 28 जनवरी, बुधवार को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी, जो शाम 7.30 बजे से प्रारंभ होगी। महोत्सव का समापन 31 जनवरी को महापूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ होगा। बालाजीपुरम मंदिर के प्रमुख पुजारी असीम पंडा स्वामी ने अपील की है कि जो श्रद्धालु इस महायज्ञ में यजमान बनना चाहते हैं या भंडारे हेतु दान देना चाहते हैं, वे मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## तहसील स्तरीय योग समिति की कार्यकारिणी का गठन



**शाहपुर।** नगर के भारत स्वाभिमान न्यास जिला इकाई बैतूल की तहसील स्तरीय बैठक विजय भवन शाहपुर में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला एवं राज्य प्रभारी सुनील कुबड़े के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शाहपुर तहसील समिति के पुनर्गठन के साथ, निशुल्क योग कक्षाओं का विस्तार, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार प्रसार के साथ, केंद्र सरकार द्वारा गठित एवं पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित भारतीय शिक्षा बोर्ड से शाहपुर के विद्यालयों को जोडऩा है। बैठक में मुख्य रूप से बैतूल से आए पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी हितेश पटेल, भारत स्वाभिमान के कोषाध्यक्ष विनोद परिहार, बैतूल तहसील प्रभारी संतोष तोमर के साथ विशेष रूप से शाहपुर तहसील प्रभारी शारदा प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में सह तहसील प्रभारी के तौर पर संतोष राठौड़, तहसील मीडिया प्रभारी शाहपुर के तौर पर संजय जगताप, कोषाध्यक्ष आलोक श्यामू जैन को प्रभार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर के वरिष्ठ मुरलीधर गुप्ता, सूर्यकांत सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीतू शक्ति गुप्ता, विक्की रोहित नायक नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर, दीपना जगताप, सुमन गुप्ता निकिता गुप्ता, पिंकी कदम, प्रियंका परते आदि को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

### पट प्रतियोगिता देखने के लिए दूर-दूर से पहुंचे लोग

## मेले में 85 बैल जोड़ी ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



बाबा मनसुखदास मेले में बैलगाड़ी दौड़ पट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस भारी संख्या में नागरिक उपस्थिति हुए। यह बैलगाड़ी प्रतियोगिता को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आये हुए थे, जिन्होंने प्रतियोगिता का आनंद लेने के साथ-साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

बताया जा रहा है कि इस प्रतियोगिता में बैलों को शामिल करने के लिए पूरे साल किसानों द्वारा अपनी बैलजोड़ी को तैयार किया जाता है। उनकी देखरेख, खानपान सभी चीजों पर ध्यान दिया जाता है। पट प्रतियोगिता में ग्राम देशावाड़ी से राजेश बारसे की बैलजोड़ी ने 6.52 पॉइंट और आशीष तुमराम 5.86 पॉइंट पर ढाई सौ फीट लंबी दूरी तय की। आयोजकों ने बताया कि पट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली बैलजोडिय़ों के लिए 500 रूपये एंट्री फीस रखी गई है। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 25 हजार है। क्षेत्रीय पट प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 15000 है। पट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस लगभग 85 बैल जोडियों ने हिस्सा लिया। पट प्रतियोगिता मं हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा तिलक लगाकर श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स वर्ष 2025-26 के तहत बैतूल विकासखंड स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन




**बैतूल।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों एमपी यूथ गेम्स वर्ष 2025-26 के तहत बैतूल विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल 17 जनवरी शनिवार को पुलिस ग्राउंड बैतूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार, योगी खण्डेलवाल, इन्द्रसेन ठाकुर उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे खेल के माध्यम से अपना शारीरिक व मानसिक विकास कर सकते है। पढ़ाई के साथ खेलना भी स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद रहता है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा कुरील ने बताया कि बैतूल विकासखण्ड स्तरीय चयन स्पर्धा एवं प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों जैसे हॉकी, फुटबॉल, व्हालीवाल, बास्केटबॉल, कबड्डी, रस्साकशी, पिट्ठू, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज योगासन, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती, मलखम्ब, टेबल टेनिस एवं टेनिस का आयोजन किया गया। विकासखण्ड स्तरीय चयन स्पर्धा एवं प्रतियोगिता में जिला शिक्षा विभाग एवं खेल संघों के संयुक्त समन्वयक से विकासखण्ड स्तरीय चयन स्पर्धा एवं प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्थलों पुलिस ग्राउंड खेल मैदान, लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम बैतूल, मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल, पीएमश्री जयवंती हॉस्कर महाविद्यालय बैतूल, कन्या क्रीडा परिसर बैतूल में आयोजित की गई।

#### जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज होगी आयोजित

जिला स्तरीय प्रतियोगिता 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी, जिसमें 10 विकासखण्डों के चयनित प्रतिभागी सम्मिलित होगे। विकासखण्ड प्रभारी रामनारायण शुक्ला युवा समन्वयक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में धर्मेन्द्र पंवार, रश्मि बाथरे, बलदेव अरोरा, गणेश बारस्कर, सहदेव गव्हाडे, उमाकांत कोकाटे, नितेश राजपूत, प्रवीण यादव, विनय यादव, सुश्री लक्ष्मी, रविकांत देशमुख, महेन्द्र सोनकर, तपेश साहू, हेमंत विश्वकर्मा, राधेलाल बनखेड़े, शैलेन्द्र शर्मा, अजय मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

### 18.43 करोड़ की लागत से माचना नदी पर 4-लेन पुल का भूमिपूजन, बैतूल को मिली बड़ी सौगात

# सड़क परिवहन, चिकित्सा, रेलवे हर क्षेत्र के विकास में नए आयाम स्थापित: उइके

#### बैतूल के विकास की हर परिकल्पना होगी पूरी: विधायक खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल






केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके एवं प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल द्वारा रविवार को करबला घाट पर आयोजित कार्यक्रम में 18.43 करोड़ रुपये लागत के बैतूल-खेड़ी मार्ग में माचना नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र सिंह चौहान, चन्द्रशेखर देशमुख, डॉ. योगेश पंडाग्रे, श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जनपद अध्यक्ष बैतूल श्रीमती इमला बाई जावलकर, पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कमलेश सिंह ने किया। केंद्रीय मंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके ने कहा कि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के सतत प्रयासों से बैतूल वासियों को बैतूल से खेड़ी मार्ग में माचना नदी पर पुल की बहुप्रतिक्षित सौगात की आज आधारशिला रखी गई हैं। पूर्व सांसद स्व. विजय खंडेलवाल द्वारा प्रारंभ किए गए विकास कार्यों की पताका आज भी निरंतर लहरहा रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गांव-गांव को पक्की सडक़ों से जोडऩे का ऐतिहासिक कार्य किया था। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सडक़, चिकित्सा, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

#### 20 से 25 वर्ष पुरानी मांग आज साकार

इस अवसर पर विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने कहा कि यह बैतूल जिले के लिए ऐतिहासिक और हर्ष का दिन है। बैतूलवासियों की 20-25 वर्षों पुरानी मांग आज साकार होने जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले पुल की प्रस्तावित लागत और चौड़ाई कम थी, किंतु जनभावना और भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए राशि 6 करोड़ से बढ़ाकर 18 करोड़ तथा चौड़ाई 30 फीट से बढ़ाकर 60 फीट की गई। इससे यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि माचना नदी पर स्थित लगभग 120 वर्ष पुरानी पुलिया जिले की धरोहर है, जिसे आवश्यक सुधार कर प्रतिमा विसर्जन जैसे कार्यों में उपयोग किया जाएगा। नया पुल बैतूल शहर के साथ-साथ घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही और आठनेर क्षेत्रों की कनेक्टिविटी के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। हरदा-इंदौर फोरलेन मार्ग बनने के बाद बढऩे वाले यातायात दबाव को भी यह पुल सहजता से संभालेगा। विधायक श्री खंडेलवाल ने बताया कि आगामी समय में बैतूल-परतवाड़ा मार्ग तथा बैतूल-आशापुर-बड़वानी-सूरत मार्ग को फोरलेन बनाने की दिशा में कार्य होगा। चूंकि इन सभी मार्गों की कनेक्टिविटी इसी पुल से होगी, इसलिए इसे आने वाले 100 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है।

#### मुख्यमंत्री और मंत्री के प्रति व्यक्त किया आभार


उन्होंने मंशानुरूप पुल स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल के विकास के लिए प्रत्येक परिकल्पना को साकार किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग एवं ब्रिज कॉर्पोरेशन के माध्यम से जिले की समस्त सडक़ों के उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैतूल को खेलों का हब बनाने की दिशा में व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। साथ ही जिले के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कोसमी फेज-2 तथा मोही-चोरपांद्रा औद्योगिक क्षेत्र के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। विधायक श्री खंडेलवाल ने आगे कहा कि बैतूल नगर की ड्रेनेज समस्या के स्थायी समाधान के लिए केंद्र सरकार से 100 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सडक़, उद्योग, खेल, पर्यटन, चिकित्सा, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार कर बैतूल को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

#### बैतूल के विकास के लिए सभी विधायक प्रतिबद्ध

बैतूल के समग्र विकास के लिए सभी विधायक प्रतिबद्ध हैं और केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से बैतूल को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा। विधायक श्री खंडेलवाल ने बैतूल को भविष्य में एक सशक्त और सुव्यवस्थित महानगर के रूप में विकसित करने की रूपरेखा की भी जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार देवेन्द्र तिलोटिया को पितृशोक



**इटारसी।** हरिभूमि इटारसी के संवाददाता देवेन्द्र तिलोटिया के पिता सुंदरलाल तिलोटिया का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया है, वह 81 वर्ष के थे। मूलरूप से पांजरा कला के निवासी व सेवानिवृत्त रेलकर्मी थे। सुंदरलाल तिलोटिया अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जिसमें उनके छोटे भाई राजू तिलोटिया, पुत्र वीरेन्द्र, दिलीप, देवेन्द्र तिलोटिया पत्रकार हरिभूमि, ब्रजेश, जितेन्द्र हैं। ब्रह्मलीन सुंदरलाल तिलोटिया की अंतिम यात्रा सोमवार 19 जनवरी को न्यूयार्ड दुबे स्कूल के पास से नर्मदापुरम के राजघाट के लिए निकाली जाएगी।

### ओएफ बैरियर से मोटर साइकिल चोरी

**इटारसी।** पथरोटा थानांतर्गत आर्डनेंस फैक्ट्री बैरियर के पास से अज्ञात ने एक मोटर सायकिल उड़ा ली। फरियादी की शिकायत पर पथरोटा थाना में प्रकरण पंजीबद्ध कर बाइक चोरी की तलाश प्रारंभ कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महेन्द्र कुमार पथोरिया पिता महेश कुमार पथरिया ने शिकायत दर्ज करायी है कि 27 और 28 दिसंबर 25 के मध्य अज्ञात ने उनकी बाइक क्रमांक एमपी 05, जेडई 1812 चुराकर ले गया। बाइक की वर्तमान कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। हरसंभव तलाश के बाद 17 जनवरी को उन्होंने पथरोटा थाने में शिकायत दर्ज करायी है। विदित हो जिले में बाइक चोरी होना आमबात हो गई है। हालांकि पुलिस कुछ खुलासे जरूर कर रही है।

### प्रकटोत्सव के पहले घाटों पर किया भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रण

# विरासत की स्वच्छता का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी और कर्तव्य

वर्षो पहले मां नर्मदा के तट पर बसाया गया हमारा शहर केवल ईंट पत्थरों का समूह नहीं, बल्कि मां नर्मदा की दृष्टि से रचा गया एक जीवित वैभव भी है। अब हर वर्ष नर्मदा जयंती पर इसी शहर में मां नर्मदा के जयकारों के साथ मां नर्मदा का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस विरासतत की स्वच्छता का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी नहीं बल्कि कर्तव्य है।



#### घाटों पर गंदगी न करें

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि 25 जनवरी को मां नर्मदा का जन्मोत्सव और नगर गौरव दिवस भक्ति भावना और धूमधाम से मनाया जाएगा। घाटों की रंगाई पुताई चल रही है। विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसलिए समस्त नागरिकों से आग्रह है कि वे मां नर्मदा के घाटों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न करें। घाटों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मां नर्मदा के किनारे बसी एसी नगरी जिसे प्रकृति विज्ञान और संस्कृति के संतुलन ने गढ़ा है। समय के प्रभाव के साथ यह नगर बढ़ता गया, बदलता गया, अपनी मूल आत्मा स्थायित्व, शांति, खुलापन, ऊर्जा और दूरदृष्टि को आज तक संयोए है। विरासत का यह जीवन उदाहरण नर्मदापुरम हो गया है। ऐसे में आधुनिकता की नई धड़कन को सुनने मां नर्मदा की अंतरात्मा को सुनना जरूरी है। शहर की पहचान मां नर्मदा से है। ऐसे में 25 जनवरी को मां के प्रकटोत्सव के पूर्व क्या हम स्वच्छ घाट मां को अर्पित नहीं कर सकते, यह हम सब की जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि कर्तव्य है।

#### प्रकटोत्सव और गौरव दिवस मनाने की तैयारी जारी

25 जनवरी को मां नर्मदा जन्मोत्सव और नगर गौरव दिवस मनाने के लिए तैयारियां नगरपालिका ने तेज कर दी है। घाटों को रंग बिरंगे रंगों से सजाया गया है। वहीं दीवारों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रकारों द्वारा चित्रण किया गया जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। उपयंत्री आयुष रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर मां नर्मदा जयंती और नगर गौरव दिवस की तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित थीम पर कार्य किया जा रहा है। पर्यटन घाट पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उठाए ग ए गोवर्धन पर्वत का चित्रण किया है तो वहीं घाटों पर सुदर्शन चक्र, शंख और लीलाओं की कथाओं मनभावन चित्रण किया गया है। चित्रकारों द्वारा जीवंत चित्र बनाए गए हैं, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।



#### लीकेज पाइप लाइनों की मरम्मत कार्य जारी

नगरपालिका समूचे नगर में लीकेज पाइप लाइनों की मरम्मत कार्य कर रही है। आज आदमगढ़ क्षेत्र में पाइप लाइन लीकेज होने पर तत्काल नगरपालिका की पहुंची और उसका मरम्मत कार्य शुरू कराया। सहायक सुनील राठौर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 19 आदमगढ़ विवेकानंद स्कूल के सामने पाइप लाइन लीकेज हो गई थी। जिसका नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर सुधार कार्य किया जा रहा है। हेमर से सीमेंट कांक्रीट की सड़क को तोड़कर पाइप लाइन ठीक की जा रही है। हम लगातार पेयजल सप्लाई ठीक करने का कार्य कर रहे हैं।

#### तैयारियों में जुटी नपा की टीम

शनिवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा घाट का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान तैयारियां संबंधी कार्य की समीक्षा की और घाट पर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए थे। नपा की समूची टीम तैयारियों में जुटी है।

## बूढ़ी माता मंदिर में 26 से गूंजेंगे मंत्र, होगा शतचंडी महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

मालवीयगंज क्षेत्र स्थित अति प्राचीन शक्ति धाम श्री बुढ़ी माता मंदिर में इस वर्ष भी भक्ति की बयार बहेगी। मंदिर समिति द्वारा आगामी 26 जनवरी सोमवार से सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि महायज्ञ 26 जनवरी से शुरू होकर 1 फरवरी 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। यज्ञ आचार्य पंडित प्रमोद भार्गव के सानिध्य में संपन्न होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के श्रद्धालु शामिल होंगे।

#### भव्य कलश यात्रा और अग्नि प्राकट्य

आयोजन का शुभारंभ 26 जनवरी को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह यात्रा श्री माता महाकाली दरबार से शुरू होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर और बालाजी मंदिर चौराहा होते हुए आयोजन स्थल बूढ़ी माता मंदिर पहुंचेगी। उसी दिन शाम 4 बजे अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्राकट्य के साथ यज्ञ की आहुतियां शुरू होंगी।

#### मानस प्रवचन का होगा रसपान

यज्ञ के साथ-साथ मंदिर परिसर में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक मानस प्रवचन का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक विख्यात प्रवचनकर्ता पंडित चंद्रकांत भार्गव अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को मानस कथा का रसपान कराएंगे। श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि सात दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। 1 फरवरी को यज्ञ की पूर्ण आहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से राशि की स्वीकृति जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से विकासखंड माखननगर में 05 निर्माण कार्य के लिए 05 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर विधायक निधि से विकासखंड माखननगर के ग्राम ग्राम पंचायत मांगरोल के ग्राम ढोंडई में सीसी रोड निर्माण के लिए 02 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीनकृति प्रदान की गई है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बीकोर में सार्वजनिक चबूतरे के लिए 50 हजार रुपए, ग्राम पंचायत जावली में चबूतरे के सामने पेविंग ब्लॉक के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पत्नी में दो अलग-अलग स्थान पर चबूतरा निर्माण के लिए 50-50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## महर्षि एवं गुरु गोविंद सिंह बस्ती में विशाल शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

महर्षि एवं गुरु गोविंद सिंह बस्ती में आज भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं हिंदू एकता के संदेश के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा माता मंदिर, सूरज गंज चौराहा से भव्य शोभायात्रा के रूप में हुई ढोल-नगाड़ों की गूंज, भगवा ध्वजों की शान और "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयघोष के बीच शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मातृशक्ति की विशेष भागीदारी के साथ बस्ती के धर्म प्रेमी नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे जो सफेद वस्त्र धारण किए हुए थे, महिलाएँ पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर नाचे और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बन गया। सकल हिंदू समाज के धर्मप्रेमी नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

इसके बाद यात्रा भरत मंदिर पहुंची जहां प्रभु श्री राम लाल जी की भव्य महा आरती संपन्न हुई। भव्य शोभायात्रा सरला मंगल भवन पहुँची, जहाँ सर्वप्रथम सर्वप्रथम भारत माता की पूजन एवं राष्ट्रगीत के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ आयोजित हिंदू सम्मेलन को क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र कैलाशचंद्र ने संबोधित किया। उन्होंने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज को जाग्रत, संगठित और राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब हिंदू इस राष्ट्र की आत्मा हैं और देश के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करना हमारा कर्तव्य है। साथ ही हिंदू सम्मेलन में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

बच्चों द्वारा प्रभु श्रीराम दरबार, रानी दुर्गावती एवं रानी लक्ष्मीबाई की भव्य झांकियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में महर्षि व गुरु गोबिंद सिंह बस्ती के संयोजक कल्पेश अग्रवाल ने क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र कैलाश चंद्र का तलवार भेंट कर यह संदेश दिया। कार्यक्रम में सुनील पाठक, राजेश अग्रवाल, नारायण सोनी, राजू दुसाने, छविराज सोनी आदि मौजूद थे।

## श्री माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

रविवार को श्री माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के 163वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय 26 जनवरी तक पखवाड़ा के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सावित्री परनामे अध्यक्ष जनपद पंचायत ,लालचंद यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति महाविद्यालय, जिला समन्वयक पवन सहगल, अजीत सेठी जिला विकास समिति सदस्य, विकास खंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख, नवांकुर संस्था से मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव, हरीश नामदेव नीतिराज यादव, सुरेश यादव, परामर्शदाता हर्ष तिवारी, परामर्श दाता मनीष यादव,राकेश कीर, पूनम मीना, मुकेश यादव सहित कई विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में समरसता भोज,स्वदेशी की शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं खेलकूद गतिविधियां करवाई गई। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत एक प्रेरणादायी एवं जन-जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की भावना पहुँचाना, नागरिक सहभागिता को सशक्त बनाना तथा सामाजिक समरसता के साथ ग्राम एवं नगर विकास को नई दिशा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत सेठी ने अपने उद्बोधन में अनुशासन, राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को देश और समाज के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन जिला समन्वयक महोदय पवन सहगल द्वारा किया गया। उन्होंने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की अवधारणा, उद्देश्यों एवं इसके माध्यम से होने वाले सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन पर विस्तार से जानकारी दी। सभी विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार साझा करते हुए सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। विकास खण्ड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने अभियान के तहत समुदाय आधारित विकास, नेतृत्व प्रकाश डाला।



## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर घर-घर किया जनसंपर्क, सौंपा भारत मां का कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ 20 जनवरी को बालाजी बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को वार्ड 23 में मोहल्ला समिति द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

#### लोगों को घर-घर जाकर दिया आमंत्रण

समिति के सदस्यों ने वार्ड के प्रत्येक घर में दस्तक देकर नागरिकों को सपरिवार सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान भारत माता के चित्र वाला कैलेंडर और आमंत्रण पत्र भेंट कर सनातन धर्म के उत्थान और एकता की अपील की गई। वार्ड वासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी।



#### नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजन

यह सम्मेलन 20 जनवरी मंगलवार को बालाजी बस्ती के नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 22, 23, 27 एवं 28 के नागरिक मुख्य रूप से सहभागिता करेंगे। अभियान का उद्देश्य जाति-पांति के भेदभाव को मिटाकर समाज को संगठित करना है। जनसंपर्क अभियान में समिति संरक्षक व पार्षद राकेश जाधव, संयोजक राजकुमार दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, सुनील दुबे, विजय दुबे, लीलाधर यादव, विजय राव नाईक, बृजमोहन सिंह मीना, हैप्पी शर्मा, शैंकी चुटीले, नीलेश पटैरिया, आयुष अग्रवाल और प्रतीक मालवीय सहित कई सदस्य शामिल रहे।

## दोषी ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर नहीं, आक्रोशित ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद

14 जनवरी को ग्राम बमोरी के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो युवाओं रामकुमार पटेल 23 वर्ष एवं अरविंद पटेल 34 वर्ष की दर्दनाक मौत के तीन दिन बाद भी दोषी कर ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं होने पर बमोरी के ग्राम वासियों एवं गुर्जर समाज ने स्थानीय पुलिस चौकी सेमरी हरचंद में प्रभारी अशोक सातनकर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें दुर्घटना कारित करने वाली कार क्रमांक एमपी 05 जेडजी 8559 के ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई और प्रशासन क चेतावनी दी कि यदि जल्द ही प्रकरण दर्ज नहीं किया जाता तो गुर्जर समाज एवं ग्राम वासियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।



## संसदीय क्षेत्र में सांसद का अभिनंदन, हादसों को भूले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मंगलवारा चौराहे पर भाजपा के सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से नर्मदापुरम संभाग से लेकर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139 बनखेडी तक 4लेन मार्ग की मांग कीहै जिसे विदिशा जिले में घोषित किया गया। सांसद दर्शनसिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शिवराज सिंह चौहान मुख्य मंत्री मोहन यादव ने प्रदान किया गया। जिसके लिए पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालक समस्त समाज सेवी संगठनों ने जनपद सदस्यों ने पूर्व विधायक पूर्व हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल, बंटी जैन, अरविंद राय, जगदीश अग्रवाल, पवन जायसवाल पचमढ़ी, चन्द्रकांत अग्रवाल पचमढ़ी, पवन कहार जिला सतर्कता समिति सदस्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सहित पचमढ़ी बनखेड़ी विकासखंडके सैकड़ों लोगों ने पिपरिया वेयरहाउसिंग करपोरेशन के सहित सभी ने सांसद दर्शनसिंह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

पटाखे फोड़े गए मीठा वितरण किया गया। 4 लैन कीमांग पूरी कराने में सफल आयोजन किया गया। लेकिन पहली बार 5मंडल अध्यक्ष शामिल नहीं हुए। उसका मुख्य कारण यह बताया गया कि सोहागपुर के बीच में 3 युवा धान की गाड़ी में दबकर निधन हो गया उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अभिनंदन समारोह निरस्त किया जा सकता था। लेकिन सांसद ने जैसा नहीं किया जिससे रघुवंशी समाज दुःखी हैं। इसलिए विधायक से लेकर कोई शामिल नहीं हुए। इस बात पर सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने बताया कि वह लगातार बाहर है इसलिए जानकारी नहीं थी।

### 15 अधिवक्ताओं का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया सम्मान

# 40 वर्ष से न्याय पथ पर अडिग हैं अधिवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

न्याय के मंदिर में अपने जीवन के चार दशक समर्पित करने वाले वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों का सम्मान करना समाज और न्यायपालिका के लिए गौरव का क्षण है। अधिवक्ता संघ इटारसी ने वकालत के 40 वर्ष पूर्ण कर चुके 15 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

समारोह में मुख्य अतिथि तृतीय प्रधान जिला न्यायाधीश आदित्य रावत, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अनीता खजुरिया, न्यायिक दंडाधिकारी सूर्यपाल सिंह राठौर, आयुषी गुप्ता और यतिन अग्रवाल ने भी मंच साझा किया। जिला मुख्यालय से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शर्मा मैडम ने भी सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को अपनी शुभकामना पत्र प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




#### इनका हुआ सम्मान

वकालत के क्षेत्र में 40 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर संघ ने अरविंद जैन, प्रेम शंकर मिश्रा टैक्स बार, दिनेश चौरसिया टैक्स बार, दिनेश कुमार शर्मा, आरके तिवारी, अजय तिवारी, आरएन पगारे, मोहन गुप्ता, एमआई खान, आरबी पांडे, ओपी रैकवार, अशोक शर्मा, हिमांशु मिश्रा, अरविंद गोईल, पूनम चंद जैन टैक्स बार को सम्मानित किया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत और सचिव पारस जैन ने अपने संबोधन में वरिष्ठों के अनुभव को कनिष्ठों के लिए मार्गदर्शक बताया।

कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीशों के साथ-साथ शासकीय अभिभाषक बीएस भदौरिया, पूर्व अध्यक्ष संतोष गुरियानी और प्रवक्ता विनोद भावसार का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मनीष बाजपेई, महिला उपाध्यक्ष ममता नागेश, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, सहसचिव विजय दुबे, ग्रंथपाल कंचन मेहरा सहित टैक्स बार एसोसिएशन और अधिवक्ता संघ के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। संचालन संतोष गुरियानी ने एवं आभार प्रदर्शन राजेश चौरे ने किया।

### पत्रकार भवन में आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नर्मदापुरम।** पत्रकार भवन पीपल चौक पर आज पत्रकारों के स्वास्थ्य शिविर की निशुल्क जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएंगी। यह कार्यक्रम भारतीय रेडक्रॉस समिति नर्मदापुरम के अध्यक्ष एवं कलेक्टर सोनिया मीणा के निर्देश व चैयरमैन अरुण शर्मा के मार्ग दर्शन में डॉ राजेश माहेश्वरी, डॉ हर्षल काबरे सचिव एवं जिला प्रबंध समिति के सदस्यों के सहयोग से स्वस्थ नागरिक बेहतर कार्यक्षमता बेहतर अर्थव्यवस्थ का स्वास्थ्य परीक्षण का शुभारंभ कलेक्टर द्वारा किया था। इसी श्रृंखला में 19 जनवरी को समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पत्रकार भवन पीपल चौंक नर्मदापुरम में आयोजन किया गया हैं। जिसमें सभी पत्रकार साथी सादर आमंत्रित है।

## खबर संक्षेप

### सागौन के 13 लट्ठे चोरी के मामले में जांच, पूरी पिकअप मोडिफाई

**हरदा।** बैतूल के गवासेन रेंज के कुरसना कूप से सरकारी सागौन के 13 लट्ठे चोरी के मामले में जांच सुस्त चल रही है। चैचिस नंबर के आधार पर 13 लट्ठे चोरी के प्रयास में पलटी पिकअप पालोद डिस्ट्रीब्यूटर्स देवास नाका के नाम दर्ज है। अब पता चला है कि पूरी पिकअप मोडिफाई है। चैचिस नंबर पर बॉडी दूसरी है। पहिए के नंबर भी मिटा दिए हैं। इससे पता चलता है कि हरदा, बैतूल और नर्मदापुरम जिले में सागौन तस्कर गैंग सक्रिय है। गंजाल परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद तस्करों की नजर हरदा और बैतूल जिले के जंगल पर है। मालूम हो, बीते रविवार की रात को तस्कर बैतूल जिले के सवासेन रेंज के कुसना कूप से सरकारी 13 लट्ठे चुरा ले गए। उस कल्ली के पास पिकअप का पहिया निकल गया। इससे वाहन पलट गया। इसमें से तस्कर निकलकर भाग गए। इसमें घायल पिकअप ड्राइवर रामू की मौत हो गई। दूसरा करण घायल हो गया। हरदा निवासी रवि और आकाश ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारियों के अनुसार दोनों मददगार गिरोह में शामिल हो सकते हैं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 23 को

**हरदा।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 23 जनवरी को दिलायी जाएगी। मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है और उसी दिन अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता दिवस पर शपथ भी दिलाई जाती है। इस वर्ष 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने से यह शपथ 23 जनवरी को सभी कार्यालयों में दिलाई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

**रहटगांव।** सार्वजनिक संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर रहटगांव में सोमवार से होगा। पंडित अभिषेक शर्मा के मुखाग्रबिंद से सोमवार से कलश यात्रा खेड़ापति माता मंदिर से गणेश चौक रहटगांव एवं नगर में निकाली जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग लगाएगा 26 और 27 को निशुल्क विशेष शिविर

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा 26 और 27 जनवरी को आयोजित विशेष शिविर में निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स लगवाए जाएंगे ।बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ का निचला हिस्सा गंवाने वाले लोगों को ये कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। ये शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। ये डिवाइस 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि ऐसे लोग जिनके कोहनी से निचला हिस्सा नहीं है वे नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस 21 को होगी

**सीहोर।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और एसीपी कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी।मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर,कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

सरपंच और सचिव संघ ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

# जांच टीम पहुंची तब ग्राम पंचायत सचिव की बिगड़ी तबियत, ड्यूटी के दौरान मौत

जिले की ग्राम पंचायत पलासनेर के सचिव ओमप्रकाश गुर्जर की शनिवार शाम ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनकी मृत्यु हार्ट फेल होने से हुई। रविवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

घटना के बाद सरपंच संघ और सचिव संघ ने एसडीएम संजीव कुमार नागू को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत पलासनेर की सरपंच सरोज चौरसिया ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग और उपसरपंच सहित अन्य लोग सचिव और सरपंच के खिलाफ लगातार झूठी शिकायतें कर रहे थे। इससे सचिव ओमप्रकाश गुर्जर मानसिक तनाव में थे। सरपंच ने कहा कि इसी मानसिक दबाव के कारण ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई। उन्होंने मांग की कि उपसरपंच सहित 7



लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बताया कि इस मामले को लेकर पहले भी वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में उपसरपंच अजय मिश्रा ने बताया कि उन्होंने और ग्रामीणों ने पंचायत में हुई अनियमितताओं को लेकर कमिश्नर से शिकायत की थी। उनके अनुसार शनिवार शाम करीब 5 बजे तीन अधिकारियों की टीम बिना पूर्व सूचना के जांच के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि शिकायत प्रमाणों के आधार पर की गई थी और सचिव की मौत पर उन्होंने दुख जताया है।

### बिना सूचना पहुंची थी टीम

उपसरपंच का कहना है कि जांच टीम के आने की जानकारी पहले किसी को नहीं दी गई थी, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बताया जा रहा है कि अधिकारियों की कथित प्रताड़ना को लेकर सचिव संघ सोमवार से धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने बताया कि जिला पंचायत की टीम एक शिकायत के आधार पर जांच के लिए पहुंची थी। इसी दौरान सचिव ओमप्रकाश गुर्जर को चक्कर आ गया और वे गिर पड़े। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उन्होंने कहा कि इस मामले में ज्ञापन मिला है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पशुपालन एवं पशु कल्याण को लेकर चलेगा एक माह अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। जो 13 फरवरी 2026 तक चलेगा। एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पीएस पटेल ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि यह अभियान जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं हितग्राही मूलक गतिविधियों के माध्यम से संचालित होगा। अभियान के अंतर्गत पशुकल्याण, पशु चिकित्सा सेवाओं, उन्नत पशुपालन, डेयरी, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित योजनाओं के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए संगोष्ठियां, ऑनलाइन वेबिनार, युवा संवाद, गोशालाओं एवं पशु कल्याण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विभागीय दलों द्वारा भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं पशु कल्याण की जानकारी दी जाएगी।

जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी वेट्स-पेरावेट्स, गोसेवक-मैत्री कार्यकर्ता, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, दुग्ध संघों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूहों के सदस्य एवं पशु-सखी के समन्वय से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा ग्रामों एवं पंचायतों में भ्रमण कर पशु चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ पशुकल्याण, रोग रोकथाम, टीकाकरण तथा पशुपालन योजनाओं से संबंधित जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण प्रणाली के बारे में दी जानकारी

# राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत श्री अन्न कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

राजाबरारी में कृषि विभाग द्वारा राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत श्री अन्न कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय मां सरस्वती एवं कृषि के देवता भगवान बलराम को माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खंड टिमरनी वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। उनके द्वारा ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण प्रणाली के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदाय की। उप संचालक जवाहर लाल कास्दे द्वारा घर के हर सदस्य को घरेलू बचत ओर आवश्यकता अनुसार फसल लगाने की सलाह दी। उन्होंने कृषकों को जैविक खेती प्राकृतिक खेती के विषय में बताया एवं सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल द्वारा श्री अन्न के महत्व बताए गए। सहायक संचालक अभियांत्रिकी प्रीति चौधरी द्वारा कृषि यंत्रों के विषय में बताया किस प्रकार कृषक यंत्र अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ओ पी भारती द्वारा



कृषकों से सवाल जवाब में श्री अन्न जैविक खेती एवं तत्काली फसलों पर चर्चा की। राजाबरारी स्टेट प्रबंधक धर्मपाल द्वारा कृषकों को कृषि विभाग से जुड़ने की सलाह दी ओर बायो गैस बनवाने के लिए प्रेरित किया। स्टेट के रेंजर अमित चंद्राकर द्वारा आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में कृषि वर्ष 2026 के रथ का संचालन कर विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया गया। रथ का संचालन राजाबरारी बोरी एवं कायरी ग्राम में किया गया। रथ के प्रभारी सहायक संचालक राम कृष्ण मंडलोई,एवं सहायक पशुपालन विभाग कृषि विस्तार अधिकारी शिवम कुशवाह , राहुल चौहान, अजय परते एवं शैलेन्द्र सिंह सिंगोड़,उपस्थित रहे कार्यक्रम में 250 कृषकों द्वारा कार्यक्रम का लाभ लिया गया।

विकासखंड स्तर पर ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान का शुभारंभ

# जन-जन तक योजनाओं की पहुंच का संकल्प टिमरनी में ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

जनअभियान परिषद् ब्लॉक टिमरनी द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के साथ-साथ स्वैच्छिक संगठनों, युवाओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। जनअभियान परिषद् के ब्लॉक समन्वयक अनुपम भारद्वाज ने बताया कि ग्राम विकास पखवाड़ा 12 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेशभर में सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों को जोड़ते हुए विकास के लिए सामूहिक प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील दुबे ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि जनअभियान परिषद् के माध्यम से



ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान विकास के नए आयाम स्थापित करेगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जन-जन तक पहुँचेगा। जनअभियान परिषद् के जिला समन्वयक संदीप गोहर ने परिषद् की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रस्फुटन समितियों से स्वयंसेवी संस्था के रूप में पंजीयन कराने का आग्रह किया, जिससे वे विकास कार्यों में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

पार्षद गुलशन चौरसिया ने कहा कि सरकार की योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी का दायित्व है और इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ नागरिकों की जागरूक भागीदारी भी आवश्यक है। उपयंत्री सी. वी. सोनी ने ग्रामों के गंदे पानी के उपचार, नदियों में शुद्ध जल प्रवाह, नर्मदा में मिलने वाले छोटे नालों पर किए गए जल संरक्षण एवं जल प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। साथ ही सभा में मौजूद लोगो से श्रमदान करणे के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हिमांशु कौशल, संस्थापक समतर बैंड, ने ह्लआओ ज़िंदगी को उन्नति देंह्व गीत की प्रस्तुति देकर युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक चेतना का संचार किया। राष्ट्रीय कवि मुकेश शांडिल्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित कविता प्रस्तुत की।

वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश रिछारिया ने युवाओं से अपील की कि वे ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं की निगरानी करें और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने जैविक खेती और गौ संरक्षण पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान हनुमान व्यायामशाला के परंपरागत खेल लाठी एवं मलख़म के राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान और बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. के विद्यार्थियों को डिग्री एवं अंकसूची प्रदान की गई।

स्कूलों में ताला लगा होने पर जनशिक्षक भी कार्रवाई की जद में आएंगे

# दो प्राचार्यों और एक अधीक्षक का वेतन काटा, बैठक में थे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रभात परमार्थी चेतावनी दी है कि यदि कहीं स्कूलों में ताला लगा होने की शिकायतें मिली तो जनशिक्षक भी कार्रवाई की जद में आएंगे। बैठक में अनुपस्थित रहने पर दो प्राचार्यों और एक अधीक्षक के अनुपस्थित रहने पर एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए हैं।

बीइओ परमार्थी शनिवार को कार्यालय में बैठक में शैक्षणिक संस्थाओं, विभिन्न कार्यों और शासन की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। जिनका वेतन कटा गया है,उनमें शा.हाई स्कूल कुड़ी के



प्राचार्य रमेश दिनके,बोरवाल की प्राचार्या जयंती रोकड़े और शा.बालक छात्रावास मिटावल के अधीक्षक महेंद्रसिंह मंडलोई शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि शैक्षणिक कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### संकुलों पर लगेंगे विशेष शिविर

बीइओ परमार्थी ने हायर सेकेंडरी एवं स्कूल हाई स्कूलों में विभिन्न लंबित कार्यों को दो दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जबकि जहां अधिक कार्य लंबित है, वहां संकूल स्तर पर विशेष शिविर लगाए जावेंगे। इनमें कोटबेड़ा,बोरवाल, हेलापड़ावा और शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल झिरन्या संकुल शामिल हैं। बैठक में सभी प्रकार की छात्रवृत्ति, प्रोफाइल लॉक और स्वीकृति, यू डाइस पोर्टल, वार्षिक परीक्षा, रेमेडियल क्लास तथा ई-अटेंडेंस और शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही18 वर्ष से अधिक आयु वाले विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में प्रविष्टि कराने और आनंद उत्सवों में छात्र-छात्राओं एवं पालकों को भी शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विद्युत बाह्यस्रोत कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष बने वीरेंद्र, 12 कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रविवार को विद्युत बाह्यस्रोत कर्मचारी संगठन (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) की बैठक हुई। इस बैठक में वीरेंद्र भाटी को सर्वसम्मति से संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में विद्युत कर्मचारियों की 8 प्रमुख समस्याओं पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र भाटी के मनोनयन के साथ ही, संगठन के लिए 12 अन्य कर्मचारियों को भी प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह निर्णय सभी उपस्थित कर्मचारियों की सर्वसम्मति से लिया गया।

बलराम सभागार कृषि उपज मंडी में आयोजित इस बैठक की



अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश धामनदेकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम विभाग प्रमुख मजदूर संघ के जितेंद्र सोनी और विशेष अतिथि के रूप में जिला महामंत्री मजदूर संघ के प्रबल पंवार मौजूद रहे। बैठक में जिले के सभी वितरण केंद्रों से भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित हुए। कर्मचारियों की 8 प्रमुख समस्याओं पर चर्चा के बाद, प्रथम चरण में विद्युत विभाग के महाप्रबंधक और उपमहाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई गई। द्वितीय चरण में, विद्युत आउटसोर्स कर्मचारियों की जिला टीम का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

# नार्मदीय ब्राह्मण समाज 23 से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव मनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नार्मदीय ब्राह्मण समाज हरदा में 23 से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव मनाएगा। इस अवसर पर अवैध खनन रोकने और नर्मदा को स्वच्छ रखने के संकल्प के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव के दौरान 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, पंडितों और कथावाचकों का सम्मान भी किया जाएगा।

समाज के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को सुबह 9 बजे सरस्वती पूजन, नर्मदा पूजन और आरती के साथ होगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, पंडितों, कथावाचकों, आचार्यों, प्रतिभावान बच्चों और निर्वाचन टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दसवीं और बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा।




महोत्सव के दूसरे दिन, 24 जनवरी को सुबह नर्मदा जी की आरती की जाएगी। दोपहर में महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें 'हमारे रीति-रिवाज, हमारा भुआणा' विषय पर प्रश्न मंच, नृत्य, गणगौर गीत और लोकगीत शामिल हैं। इसके बाद व्यंजन मेले का आयोजन और पारितोषिक वितरण होगा।

नर्मदा जयंती के मुख्य दिन, 25 जनवरी को सुबह 9 बजे नेहरू पार्क से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा के माध्यम से शहरवासियों से नर्मदा को प्रदूषित होने से बचाने और प्रशासन से नर्मदा में होने वाले अवैध खनन को रोकने की मांग की जाएगी। शोभायात्रा नेहरू पार्क से शुरू होकर सत्यनारायण मंदिर चौक, चांडक चौराहा, घंटाघर होते हुए खेड़ीपुरा स्थित नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला पहुंचेगी। ट्रस्टी ऋषि पारे ने बताया कि जयंती महोत्सव के दौरान डिस्पोजल का प्रयोग नहीं किया जाएगा और थाली में भोजन छोड़ने से रोकने का प्रयास किया जाएगा। ट्रस्टी दीपक शुक्ला ने जानकारी दी कि समाज के युवा नर्मदा के नाभिकुंड से जल लाकर कलश में भरकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेंगे। इस अवसर पर ट्रस्टी राजेंद्र गुहा, संजय काशिव और महिला संगठन की अध्यक्ष किरण काशिव भी उपस्थित रहीं। समाज की युवा टीम पदाधिकारियों के साथ घर-घर जाकर लोगों को महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दे रही है।

# खेलो मप्र यूथ गेम्स में हरदा के शौर्य और जय ने तैराकी में जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्य प्रदेश में आयोजित हो रहे खेलो मप्र यूथ गेम्स के तहत जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हरदा जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि हरदा के शौर्य सोनी ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने 100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा जय गुर्जर ने फ्री स्टाइल 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया।

इस प्रकार दोनों ही खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी 27 जनवरी से इन्दौर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरदा का प्रतिनिधित्व करेंगे।